डॉग ब्रीडिंग वर्कशाप का भव्य आयोजन

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में आजादी के अमृत महोत्सव एवं पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विगत 8 जुलाई से जारी कार्यक्रमों की श्रृंखला में पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में दिनांक 21 जनवरी 2023 को डॉग ब्रीडिंग से संबंधित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय विधायक अशोक रोहाणी जी, विशिष्ट अतिथि डॉ. वी.के. बाजपेयी, अध्यक्ष माननीय कुलपति महोदय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. आर.के. शर्मा, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. रणधीर सिंह चैहान एवं डॉ. रनवीर सिंह जाटव एवं मंच संचालन डॉ. अमिता तिवारी ने किया। आयोजन सचिव डॉ. देवेन्द्र कुमार गुप्ता के द्वारा धन्यवाद उद्बोधन प्रेषित किया गया। इस अवसर पर **"हेन्डबुक फार डॉग लवर्स"** नामक पुस्तक का विमोचन मंचासीन अतिथिगण द्वारा किया गया। इस पुस्तक के लेखक डॉ. रणवीर सिंह जाटव एवं डॉ. आदित्य प्रताप ने बताया कि यह किताब श्वान पालकों के लिये एक निर्देशक का काम करेगी इस किताब में श्वान पालन से संबंधित समस्त विषयों को सम्मिलित किया गया है। जो कि श्वाना की देखभाल एवं रख–रखाव के लिये अतिआवश्यक है।

इस अवसर पर महाविद्यालय सभागार में नैतिक श्वान प्रजननव श्वान कल्याण से संबंधित राष्ट्रीय कार्यशाला में विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा अतिमहत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिये गये। डॉ. रणवीर जाटव ने श्वान प्रजनन से संबंधित कानूनी नियमों एवं उनके रख–रखाव से संबंधित जानकारी दी। डॉ.अमिता तिवारी ने डॉग इंटरप्रेनारशिप से संबंधित अति रोचक एवं महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया एवं श्वान प्रजनन तथा श्वान से संबंधित कार्यो में स्टॉर्टअप करने से संबंधित जानकारी दी एवं समीर राय ने विभिन्न श्वान की प्रजातियों के बारे में अतिमहत्वपूर्ण जानकारी दी।

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डॉ. आदित्य प्रताप, डॉ. चारू शर्मा एवं मुस्कान सिंह ने प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम सिमरन पटेल एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इतरत इमाम वारसी ने प्राप्त किया। माननीय कुलपति एवं माननीय विधायक श्री अशोक रोहाणी जी द्वारा प्रतिभागी विजेताओं को पुरूस्कृत एवं सम्मानित किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.विविजबलपुर